## एक नजर में

### पेंशनरों की समस्याओं को लेकर बिजली सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ की जिला बैठक



**नीमच.** मजदूर संघ से संबद्ध मध्य प्रदेश विद्युत सेवानिवृत्ति कर्मचारी संघ की जिला स्तरीय बैठक गोमाबाई रोड स्थित बिजली कर्मचारी कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शंभुप्रसाद शर्मा ने की। नववर्ष के अवसर पर उपस्थित समस्त पेंशनर साथियों ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं देते हुए संगठनात्मक एकता और आपसी सौहार्द का परिचय दिया।बैठक में संगठन को और अधिक सशक्त बनाने, सदस्यता अभियान को गति देने तथा पेंशनरों से जुड़ी विभिन्न ज्वलंत समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों की मांगों को लेकर संघ निरंतर संघर्ष करता रहा है और आगे भी पूरी मजबूती के साथ अपनी आवाज बुलंद करेगा।बैठक में विशेष रूप से कॉम्यूटेशन राशि में की जा रही कटौती को समाप्त करने, 27 एवं 32 माह के लंबित एरियर का शीघ्र भुगतान करने, मध्य प्रदेश राज्य पुनर्गठन अधिनियम 2000 की धारा 49(6) को विलोपित करने तथा केंद्र सरकार के अनुरूप समान तिथि से महंगाई राहत (डीआर) प्रदान करने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर प्रस्ताव पारित किए गए।इन सभी प्रस्तावों को प्रादेशिक पदाधिकारियों को भेजने पर सर्वसम्मति से सहमति बनी।बैठक का संचालन राजमल व्यास ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन कार्यकारी अध्यक्ष दिनेश शर्मा द्वारा किया गया। अंत में सभी सदस्यों ने संगठन की मजबूती के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया.

### पुराने विवाद को लेकर मारपीट, 2 पर केस दर्ज

**पिपलियामण्डी।** नारायणगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हरनीखेड़ा के समीप आवना पुलिया पर पुराने पारिवारिक विवाद को लेकर एक किसान के साथ मारपीट एवं जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर दो आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया। फरियादी गोविन्द (55) पिता जेना रैबारी निवासी ग्राम छोटी आंत्री ने नारायणगढ़ पुलिस थाने पर दर्ज शिकायत में बताया कि करीब तीन वर्ष पूर्व उसके पुत्र ने ग्राम बालाहेड़ी निवासी एक युवती से प्रेम विवाह किया गया था, जिसको लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद चला आ रहा है। 9 जनवरी वह ग्राम ढाणी में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होकर वापस लौट रहा था। इसी दौरान ग्राम हरनीखेड़ा के पास आवना पुलिया के समीप आम रास्ते पर आरोपी ईन्दरमल पिता नानूराम रैबारी एवं विनोद पिता अमरु रैबारी, निवासी बालाहेड़ी, ने उसे रोक लिया। दोनों आरोपियों ने पुराने विवाद को लेकर गाली-गलौज की व मारपीट की। पुलिस ने दोनों आरोपियों पर केस दर्ज किया।

### नाबालिग अपहरण व दुष्कर्म प्रकरण में आरोपी दोषमुक्त

**पिपलियामण्डी।** विशेष जिला न्यायाधीश (पॉक्सो कोर्ट) मंदसौर ने 14 वर्षीय नाबालिग बालिका के अपहरण एवं उसके साथ दुष्कर्म के आरोपों से आरोपी ईश्वरलाल पिता बाबूलाल बंजारा, निवासी मैनपुरिया जिला मंदसौर को दोषमुक्त (बरी) कर दिया। अभियोजन पक्ष (पुलिस) के अनुसार, आरोपी पर आरोप था कि उसने नाबालिग बालिका को उसके माता-पिता की सहमति के बिना अपहृत किया, जान से मारने की धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म किया तथा लैंगिक हमला किया। इस मामले में न्यायालय ने आरोपी के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 363, 366, 376 (2) (एन) 376 (3) 506 एवं पॉक्सो अधिनियम 2012 की धारा 3(2)/4 तथा 5 (एल)/6 के अंतर्गत आरोप तय कर विचारण प्रारंभ किया था। विचारण के दौरान अभियोजन पक्ष ने आरोपी के विरुद्ध 10 गवाह एवं 42 दस्तावेज न्यायालय में प्रस्तुत किए। हालांकि, बचाव पक्ष के अधिवक्ताओं ने गवाहों का सूक्ष्मतापूर्वक प्रतिपरीक्षण किया गया और विस्तृत तर्क प्रस्तुत किए गए। न्यायालय ने बचाव पक्ष की दलीलों से सहमत होते हुए अभियोजन के मामले को अप्रमाणित माना। परिणामस्वरूप, न्यायालय ने आरोपी ईश्वरलाल को सभी आरोपों से दोषमुक्त कर दिया। प्रकरण में आरोपी की ओर से सफल पैरवी अधिवक्तागण एम. जैनुल मंसूरी, यशवंत शर्मा, सिद्धार्थ पालीवाल एवं दारासिंह सोलंकी ने की।

### उज्जैन सेवा धाम आश्रम से मंदसौर इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद एजुकेशन एंड रिसर्च को प्राप्त हुआ देहदान



**मंदसौर।** शुक्रवार को मंदसौर के मंदसौर इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद एजुकेशन एंड रिसर्च को सेवा धाम आश्रम उज्जैन के निवासी श्रेणीक जैन का देहदान उनकी इच्छा अनुसार प्राप्त हुआ। इस अवसर पर मध्य प्रदेश शासन के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के आदेशानुसार देहदान करने पर स्व. श्री जैन को मंदसौर पुलिस द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर सम्मान दिया गया। मृतक श्रेणीक जैन विगत कई समय से उज्जैन के सेवा धाम आश्रम में रह रहे थे आप मूलतः जावरा के निवासी थे। आपकी अंतिम इच्छा अनुसार सेवा धाम आश्रम के सुधीर भाई गोयल एवं परिजनों द्वारा आपका देहदान मंदसौर इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद एजुकेशन एंड रिसर्च सेन्टर को दिया गया। शुक्रवार की शाम को 5 बजे आपका देह उज्जैन से मंदसौर पहुंचा जहां पर मंदसौर इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद एजुकेशन एंड रिसर्च परिसर में देहदान की प्रक्रिया के दौरान ससम्मान गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस अवसर पर मंदसौर विश्वविद्यालय के कुलपति राजीव रंजन ठाकुर ने मृत आत्मा को श्रंद्धाजलि देते हुए कहा कि जैन परिवार ने बहुत बड़ा काम किया है। श्री जैन का यह कदम अन्य लोगों के लिए भी प्रेरणादाई बनेगा। इस अवसर पर मंदसौर विश्वविद्यालय के कुलपति राजीव रंजन ठाकुर, जनरल मैनेजर एचआर प्रशांत लाहा, संस्था के प्राचार्य डॉक्टर दीपक यादव सहित महाविद्यालय का शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक स्टाफ, प्रशिक्षु छात्र-छात्राएं एवं विद्यार्थी व देहदानी के परिवार जन उपस्थित रहे सभी ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

### आध्यात्म योगी महेन्द्रसागर म.सा. व श्री मनीषसागर म.सा. के मंगल प्रवचन 12 व 13 जनवरी को

**मन्दसौर।** नयापुरा स्थित श्री आदिनाथ जैन मंदिर दादावाड़ी में आगामी 12 और 13 जनवरी 2026 को भव्य मंगल प्रवचनों का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में उपाध्याय प्रवर आध्यात्म योगी श्री महेन्द्रसागर म.सा. एवं श्री मनीषसागर म.सा. आदि ठाणा-16 का पावन सानिध्य प्राप्त होगा। प्रवचन 12 एवं 13 जनवरी को प्रातः 9.15 बजे से श्री आदिनाथ जैन मंदिर दादावाड़ी, नयापुरा, मन्दसौर पर आयोजित होंगे।

## महाविद्यालय में मतदाता नाम जोड़ने का विशेष शिविर आयोजित




**पिपलियामण्डी।** जिला निर्वाचन अधिकारी मंदसौर के निर्देशानुसार एवं 01 जनवरी 2026 की अर्हता तिथि को आधार मानते हुए पात्र युवाओं के नाम मतदाता सूची में सम्मिलित करने के उद्देश्य से विशेष मतदाता पंजीयन शिविर का आयोजन पंडित अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय महाविद्यालय, परिसर में किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य नव मतदाताओं को मतदाता सूची से जोड़कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना रहा। महाविद्यालय प्रभारी राजीवसिंह ने बताया कि यह विशेष शिविर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेंद्र कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। शिविर में ऐसे छात्र-छात्राएँ, जिन्होंने 01 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली है अथवा करने वाले हैं, उन्हें मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने का अवसर प्रदान किया गया। शिविर के सुचारू संचालन हेतु महाविद्यालय के कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के लिए पृथक-पृथक समितियों का गठन किया गया। इन समितियों द्वारा प्रत्येक संकाय के विद्यार्थियों को चिन्हित कर उन्हें मतदाता पंजीयन की प्रक्रिया की जानकारी दी गई तथा फॉर्म-06 भरवाकर आवश्यक दस्तावेज जैसे जन्मतिथि प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं निवास प्रमाण पत्र संकलित किए गए। शिविर में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने हेतु आवेदन किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को मतदाता परिचय पत्र, निर्वाचन प्रक्रिया एवं मतदान के अधिकार के महत्व से अवगत कराने के लिए एक जागरूकता कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. राजेंद्रकुमार श्रीवास्तव ने कहा कि मतदान लोकतंत्र की आत्मा है तथा एक सशक्त लोकतंत्र के निर्माण के लिए प्रत्येक पात्र नागरिक का मतदाता सूची में नाम दर्ज होना अत्यंत आवश्यक है।

> उन्होंने कहा कि युवा वर्ग देश का भविष्य है और जब युवा जागरूक होकर मतदान प्रक्रिया में भाग लेते हैं, तब लोकतंत्र और अधिक मजबूत होता है। डॉ. श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों से आव्हान किया कि वे स्वयं के साथ-साथ अपने परिवार, मित्रों एवं आसपास के अन्य पात्र नागरिकों को भी मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने मतदाता परिचय पत्र के महत्व, निर्वाचन आयोग की ओर से अपनाई जाने वाली पारदर्शी प्रक्रिया तथा निष्पक्ष चुनाव प्रणाली पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में महाविद्यालय के अधिकारी, कर्मचारी, समिति प्रभारी एवं सदस्यगण उपस्थित रहे। संचालन राजीवसिंह चौहान ने किया।

## प्री-बजट बैठक में उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने रखी मध्यप्रदेश की प्राथमिकताएं

- सिंहस्थ-2028 के लिए 20 हजार करोड़ के विशेष पैकेज की मांग



**मंदसौर।** नई दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में हुई प्री-बजट बैठक में मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने प्रदेश की वित्तीय आवश्यकताओं और विकास प्राथमिकताओं को रखा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत को विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्था बनाने में मध्यप्रदेश पूरी क्षमता से योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है।

उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने सिंहस्थ-2028 के भव्य आयोजन हेतु 20 हजार करोड़ रुपए के विशेष पैकेज का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए उज्जैन एवं आसपास के क्षेत्रों में सड़क, घाट, पुल-पुलिया, ठहराव स्थल और स्वास्थ्य सुविधाओं सहित अधोसंरचना विकास के कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने प्रदेश की सकल राज्य घरेलू उत्पाद (त्रस्थ्क्क) की गणना 15वें वित्त आयोग के अनुसार मान्य करने और उसी आधार पर ऋण सीमा निर्धारण का अनुरोध किया। जीएसटी दरों के युक्ति-युक्तकरण से आम उपभोक्ताओं और अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक प्रभाव की सराहना करते हुए इसके लिए केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया। उप मुख्यमंत्री ने पूंजीगत व्यय में वृद्धि की आवश्यकता बताते हुए वित्त वर्ष 2026-27 के बजट में अधोसंरचना योजनाओं के लिए अधिक प्रावधान करने का अनुरोध किया। साथ ही विकसित भारत जी राम जी अधिनियम-2025 को ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने वाला बताते हुए इसका स्वागत किया।

## कलेक्टर ने नीमच एवं जावद में वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया



**नीमच।** कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने शनिवार को नीमच शहर के हिंगोरिया स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट एवं जावद के बावल रोड़ स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का आकस्मिक निरीक्षण कर गुणवत्तापूर्ण पेयजल आपूर्ति व्यवस्था का जायजा लिया।

उन्होंने जावद के वार्ड नंबर 14 में नल से जल की आपूर्ति व्यवस्था को देखा और रहवासियों से चर्चा कर पेयजल की गुणवत्ता के बारे में भी जानकारी ली। कलेक्टर ने संबंधित निकायों को शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने ज्ञान मंदिर कॉलेज में पेयजल टंकी का भी अवलोकन किया और रह वासियों से पेयजल गुणवत्ता के बारे में जानकारी ली।

इस निरीक्षण दौरान कलेक्टर ने वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का अवलोकन कर जल शुद्धीकरण प्रक्रिया फिल्टरेशन प्रक्रिया व ?लोरिनेशन एवं जल परीक्षण की व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए, कि पेयजल आपूर्ति के पहले पानी की गुणवत्ता की अच्छी तरह से नियमित जांच सुनिश्चित की जाए।

**शिकायत पर तत?काल जांच कर, कार्रवाई करें::**

कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए, कि कही भी दूषित या अशुद्ध जल आपूर्ति की शिकायत मिलती है, तो तत्काल जांच कर, आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही की जाए। उन्होने कहा, कि पेयजल से जुडी किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और आम नागरिकों के स्वास्थ?य से समझौता नहीं किया जाएगा। कलेक्टर ने निरीक्षण दौरान पेयजल टंकी का अवलोकन कर, टंकियों की नियमित साफ-सफाई, समय -समय पर धुलाई एवं जल परीक्षण के निर्देश भी दिए।

**जनजनित बीमारियों की रोकथाम के विशेष उपाय करें:** कलेक्टर चंद्रा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया, कि सभी नगरीय क्षेत्रों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था पर सतत विशेष निगरानी रखी जाए और जलजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए आवश ?यक एहतियाती कदम उठाए तथा कही भी अशुद्ध पेयजल की शिकायत प्राप्त होती है, तो त्वरित कार्रवाई की जाए।

इस निरीक्षण दौरान परियोजना अधिकारी शहरी विकास पराग जैन, एसडीएम जावद सुश्री प्रिति संघवी, डिप्टी कलेक्टर चंद्रसिह धार्वे, सीएमओ श्रीमती दुर्गा बामनिया, तहसीलदार नीमच संजय मालवीय, तहसीलदार नवीन गर्ग सहित नगरीय निकायो का अमला एवं नागरिक उपस्थित थे।

## भीड़ में नहीं एकांत में भगवान की भक्ति करने से मिलता है अपार सुख शांति आनंद

- कहा भागवत प्रवक्ता पूज्य पंडित संजय जी शर्मा बडौदा वाले ने
- भगवान कृष्ण जन्मोत्सव पर भक्ति सागर में डूबा संपूर्ण कथा पंडाल

**मन्दसौर।** समीपस्थ ग्राम कुंचडोद में सकल पंच कुमावत धर्मशाला में बालचंद मारू परिवार के सौजन्य से आयोजित संगीतमय भागवत कथा के चतुर्थ दिवस भगवान कृष्ण जन्मोत्सव पर व्यास पीठ पर आसीन युवा भागवत प्रवक्ता पूज्य पंडित संजय जी शर्मा बड़ौदा वाले ने कहा कि भगवान की पूजा भक्ति भीड़ में करने से नहीं एकांत में की जाने से मन में अपार सुख शांति आनंद और भगवान के प्रति श्रद्धा विश्वास की प्राप्ति होती है। सोमवार को अपार भीड़ में पंक्ति में घंटो खड़े रह कर, जल्दी-जल्दी भगवान भोलेनाथ को एक लोटा जल चढ़ाने में उतना आनंद नहीं प्राप्त होता जितना सोमवार के बदले मंगलवार को एकांत में आराम से चाहे जितनी देर बैठकर भोलेनाथ को प्रेम से जल बिल्व पत्र पुष्प आदि चढ़ाकर उनकी भक्ति करने में मन में भगवान के प्रति भक्ति करने में जितना आनंद सुख शांति की अनुभूति होती है उतनी भीड़ में नहीं होती।आपने कहा भगवान के नाम कीर्तन जप ध्यान के रस में जो डूब जाता है भगवान के नाम जप कीर्तन में जितना रस मिलता है उतना संसार के जितने भी रस है उनमें नहीं मिलता।

पं. शर्मा ने कहा कि भीड़ में यदि हम मंदिर में जाकर भगवान के श्री विग्रह का दर्शन नहीं कर सके तो कोई चिंता नहीं हमें शिखर का दर्शन जरूर कर लेना चाहिए शिखर के दर्शन करने से मंदिर में दर्शन करने से दोगुना फल मिलता है।

जो प्रतिदिन नियम से भगवान भोलेनाथ का रामचरितमानस में गोस्वामी तुलसीदास जी द्वारा रचित रुद्राक्ष का पाठ करता है उससे भगवान भोलेनाथ प्रसन्न होकर उ पर भगवान शंकर की कृपा बनी रहती है। केवल एक बार राम कहने से भगवान के समस्त नामो का फल प्राप्त हो जाता है क्योंकि भगवान राम के नाम का महत्व भगवान राम के पिता युग में अवतार लेने से पहले ही प्रचारित था रामचरितमानस से पहले भी रामायण रची जा चुकी थी जिसके लिए गोस्वामी तुलसीदास जी ने स्पष्ट लिखा है रामायण शतकोटी अपारा महर्षि वाल्मीकि जी ने तो भगवान राम के अवतार से पहले ही रामायण लिख चुके थे। चतुर्थ दिवस कथा प्रसंग में भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव में भगवान बालकृष्ण की सजीव झांकी बनाकर पलने में भगवान को लिटा कर भक्तवृन्द ढोल नगाड़ों के साथ भक्ति नृत्य करते हुए धूमधाम से जन्मोत्सव मनाया।

## एनसीसी कैडेट ने समझाए यातायात नियम



**नीमच।** पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल, अति. पुलिस अधीक्षक नवलसिंह सिसोदिया, नगर पुलिस अधीक्षक किरण चौहान के निर्देशन में थाना प्रभारी यातायात सोनू बडगुर्जर सहायक उपनिरीक्षक संगीता चौहान प्रधान आरक्षक नाहर सिंह प्रधान आरक्षक प्रताप पटेल आरक्षक गोपाल मालवीय आरक्षक मोहित नूर होमगार्ड सैनिक दीपक आचार्य यातायात टीम द्वार शनिवार को यातायात पुलिस द्वारा 5 मध्य प्रदेश एनसीसी बटालियन मंदसौर से एनसीसी के 50 कैडेट्स को थाने पर सेमिनार के माध्यम से यातायात के नियम बताएं फिर यातायात प्रभारी सोनू बडगूजर द्वारा उनको कमल चौक पर ले जाकर जो कि शहर का मुख्य चौराहा होकर यहां शहर का ट्रैफिक बहुत ज्यादा होता है इस कारण से इन एनसीसी कैडेट्स को ले जाकर आम जनता को यातायात के नियमों का पालन करने के लिए एनसीसी कैडेट्स द्वारा यातायात पुलिस के साथ मिलकर आम जनता को यातायात के नियमों का पालन करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।वाहन चालकों को सीट बेल्ट हेलमेट लगाने के लिए और अपने वाहन की गति धीमी रखने के लिए के एनसीसी कैडेट्स के द्वारा समझाया गया। अभियान के तहत शराब पीकर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों, हुड दंगई करने वाले वाहन चालकों, फटाका फोडने वाले बुलेट वाहन चालकों, स्टंटबाजी करने वाले वाहन चालकों, नाबालिक वाहन चालकों, तेजगति एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने वाले वाहन चालकों, के विरूद्ध कार्यवाही करने के आदेश प्राप्त हुए है। शराब पीकर वाहन चलाने वाले वाहन चालक के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा। ब्रिथ एनालाईजर मशीनों से वाहन चैकिंग की जा रही है। जिसमें यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालको के प्रकरण बनाकर माननीय न्यायालय में पेश किये जा रहा है इसी तारत्म य में पुलिस अधीक्षक महोदय के मंशानुसार यातायात महा के अंतर्गत प्रतिदिन जागरुकता प्रोग्राम के तहत सोशल मीडिया पर प्रचार प्रसार हेतु फलेग्सा / बैनर डिजीटल रूप से तैयार करवाये गये साथ ही फलैग्स / बैनर बनवाये जाकर शहर में संचालित ऑटो, बसों व अन्यर वाहनों पर तथा सार्वजनिक स्था नों पर चस्पा किये गये है। जिससे की यातायात के नियमों का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार किया जा सके और प्रत्येक नागरिक यातायात के नियमों का पालन करें और अधिक से अधिक प्रचार प्रसार किया जा सके।

**एक नजर** — डामरीकरण कार्य का निरीक्षण - क्षेत्रवासियों ने नपाध्यक्ष का स्वागत कर दिया धन्यवाद

## भारत माता चौराहा के पीछे वाली सड़क होगी सुंदर व चौड़ी : पालिकाध्यक्ष



**नीमच!** नगर पालिका परिषद नीमच द्वारा नगर पालिकाअध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चोपड़ा के मार्गदर्शन में शहर में जारी विकास श्रृंखला के तहत नीमच के इतिहास में पहली बार शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सड़कों का चोड़ीकरण कर शहर को सुंदर स्वरूप प्रदान किया जा रहा है!इसी के साथ डामरीकरण,सीसी रोड सहित अनेक विकास कार्य निरंतर जारी है! विकास कार्यों की इसी श्रंखला के तहत वार्ड क्रमांक 20 के अंतर्गत आने वाले भारत माता चौराहा (फोर जीरो) के पीछे पुस्तक बाजार चौराहा से से कमल चौक तक मीना बाजार वाली सड़क अब साढ़े सात फीट चौड़ी और सुंदर होकर शहर की खूबसूरत सड़क होगी! करीब 15 लाख रुपए की लागत से हो रहे सड़क चोड़ीकरण एवं डामरीकरण कार्य का शनिवार 10 जनवरी को नगर पालिका अध्यक्ष स्वाति गौरव चोपड़ा ने साथी पार्षदों व क्षेत्र वासियों के साथ निरीक्षण किया तथा ठेकेदार व कर्मचारियों को कार्य गुणवत्तापूर्ण करने के निर्देश दिए! इस दौरान नगर पालिका पार्षद आलोक सोनी,श्री योगेश कविश्वर, रूपेंद्रलोक्स, विनीत पाटनी, पूर्व पार्षद एवं बोहरा समाज के वरिष्ठ श्री हुशामुद्दीन डेरकी, विजय जैन (मेम साहब), मुकेश बाहेती, श्री विशाल जैन, कार्यालय अधीक्षक श्री कन्हैया लाल शर्मा, लोक निर्माण विभाग के श्री अर्जुन राठौर सहित अनेक क्षेत्रवासी नपाध्यक्ष के साथ थे!

इस दौरान क्षेत्र वासियों ने चौड़ी ओर सुन्दर सड़क की सौगात मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए दो स्थानों पर नपा अध्यक्ष श्रीमती चोपड़ा व साथी पार्षदों का पुष्पहारो से स्वागत भी किया तथा जैन समाजजनो ने इस मार्ग का नाम आचार्य शांति सागर जी के नाम से करने पर नपाध्यक्ष चोपड़ा का धन्यवाद भी ज्ञापित किया!

निरीक्षण के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष स्वाति गौरव चोपड़ा ने क्षेत्र वासियों की समस्या भी सुनी तथा कुछ दुकानदारों से दुकान से आगे तक निकले चद्दर शेड व प्लेटफार्म को थोड़ा पीछे कर सड़क निर्माण में सहयोग करने काअनुरोध भी किय! श्रीमती चोपड़ा ने डामरीकरण कार्य का निरीक्षण कर गुणवत्ता की जांच की एवं ठेकेदार तथा इंजीनियर को कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए!

नपा अध्यक्ष चोपड़ा ने बताया कि वार्ड क्रमांक 25 के अंतर्गत आने वाले टैगोर मार्ग को मॉडल रोड बनाने का प्रस्ताव पारित हो चुका है और उसी के अंतर्गत बनने वाली यह सड़क मॉडल रोड के संकल्प को पूरा करेगी!

चोपड़ा ने बताया कि इस मार्ग का नाम आचार्य शांति सागर जी महाराज के नाम से रखे जाने का प्रस्ताव पूर्व में ही परिषद द्वारा पारित किया जा चुका है! यह रोड़ कार्य पूर्ण होने के पश्चात आचार्य शांति सागर जी महाराज मार्ग कहलाएगा!